अमर भारती
नई दिल्ली, शुक्रवार 21 जुलाई 2017

केन्द्रीय मंत्री व सांसद पुरस्कृत किए गए

नई दिल्ली। लागत प्रबंधन में उत्कृष्टता के लिए 14 वें राष्ट्रीय पुरस्कारों की घोषणा कर दी गयी है। यह लागत प्रबंधन और लागत और प्रबंधन लेखा के क्षेत्र में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली कंपनियों को दिया जाता है। सीएमए रत्न से सम्मानित लोगों को संस्थान के अध्यक्ष सीएमए मानस कुमार ठाकुर ने सम्मानित किया।14 वें राष्ट्रीय पुरस्कार वितरण के दौरान सांसद जयदेव गोला, उदय प्रताप सिंह, अर्जुन, ऊर्जा व कोयला तथा खानों के केन्द्रीय राज्य मंत्री (आईसी), वित्त और कारपोरेट मामलों के राज्य मंत्री पीयूष गोयल व राम मेघवाल को पुरस्कृत किया गया। मंत्रियों और सांसदों को सीएमए रत्न पुरस्कार प्रदान किया गया। उत्कृष्ट सेवा के लिए जे के सीमेंट के वाइस चेयरमैन अनूप कुमार शुकला को भी सम्मानित किया गया।